अहमदाबाद से प्रकाशित पाक्षिक R.N.I. No. 54975 /1994
Published on 15th & 30th of Every Month
Permited to post on 3rd & 17th every Month at A'bad PSO under postal Reg. No.
GAMC No. 1488/2017 - 2019 - Valid 2017 up to 31-12-2019

सिन्धी बन्धु

गुजरात से सर्वप्रथम प्रकाशित हिन्दी पाक्षिक पत्रिका

E-mail: sindhibandhu@yahoo.in   E-mail: sindhibandhu@gmail.com

वर्ष *24 अंक 14 * दिनांक 15-12-2017 * संपादकः स्व. हरिश बी.भागवाणी : सहसंपादक- रेशमा भागवाणी : पृष्ठ : 4 * किंमत-1.00 * फोन-22822205 मो.:9825470758

मालिक - मुद्रक -प्रकाशक-संपादक : हरिश भागवाणी ने लता ग्राफिक्स-२०, सर्जन बंग्लोझ, पार्श्वनाथ टाउनशीप, केनाल के पास, कृष्णनगर, अहमदाबाद से प्रिन्टींग कर के २०, सर्जन बंग्लोझ, पार्श्वनाथ टाउनशीप, केनाल के पास, कृष्णनगर, अहमदाबाद-३८२३४६ से प्रकाशित किया

गुजरात चुनाव EXIT POLL: क्या कहते हैं नतीजे, कांग्रेस या भाजपा

गुजरात चुनाव में भाजपा एक बार फिर सरकार बनाती दिख रही है। वहीं कांग्रेस की सत्ता का सूखा खत्म करने की उम्मीदों पर पानी फिरता दिख रहा है। गुजरात में दोनों चरणों का मतदान खत्म होने के बाद आए एग्जिट पोल के नतीजे चौंकाने वाले हैं।

दूसरे चरण का मतदान खत्म होते ही एग्जिट पोल के आंकड़े जारी कर दिए गए हैं। आंकड़ों की मानें तो गुजरात में एक बार फिर भाजपा सरकार बनाने की ओ़र बढ़ चली है। इंडिया टुडे एक्सिस के एग्जिट पोल के मुताबिक 182 विधानसभा सीटों वाले गुजरात में भाजपा को 99 से 113 सीटों पर जीत मिलती दिख रही है। वहीं, कांग्रेस को 68 से 84 सीटें मिल सकती हैं। अन्य 1 से 4 सीटों पर सिमटती दिख रही है।

रिपब्लिक जन की बात के मुताबिक भाजपा बड़ी जीत की ओ़र अग्रसर है। इसके एग्जिट पोल के मुताबिक भाजपा को 115 सीटों पर जीत मिलने का अनुमान है। वहीं, कांग्रेस को 67 सीटें मिल सकती हैं। 2012 के विधानसभा चुनावों में भाजपा के वोट शेयर में सिर्फ .4 फीसदी की कमी आ सकती है। पिछले चुनावों में भाजपा को 47.8 प्रतिशत वोट मिले थे। वहीं, कांग्रेस के वोट शेयर में 4.7 प्रतिशत की वृद्धि होती दिख रही है। पिछले चुनावों में कांग्रेस को 38.8 प्रतिशत वोट मिले थे।

इंडिया टुडे AXIS माय इंडिया के सर्वे के अनुसार

इंडिया टुडे AXIS माय इंडिया के सर्वे के अनुसार गुजरात में भाजपा को 99 से 113 सीटें मिलने का अनुमान है। कांग्रेस को 68 से 82 सीटें मिलने का अनुमान है। इस तरह भाजपा को बहुमत मिलता नज़र आ रहा है।

एग्जिट पोल :

सौराष्ट्र और कच्छ की 54 सीटें

- भाजपा को 49 प्रतिशत, कांग्रेस को 41 और अन्य को 10 प्रतिशत सीटें
- भाजपा को 34, कांग्रेस को 19 व अन्य को 1 सीटें मिलने का अनुमान

दक्षिण गुजरात

दक्षिण गुजरात में सात जिलों की 35 सीटों के लिए

- भाजपा को 52 प्रतिशत, कांग्रेस को 40 और अन्य को 08 प्रतिशत सीटें
- भाजपा को 21 से 27, कांग्रेस को 9 से 13 व अन्य को 0 से 1 सीटें मिलने का अनुमान

	भाजपा	कांग्रेस	अन्य
रिपब्लिक टीवी	115	65	02
टाइम्स नाउ	109	70	03
इंडिया टुडे	99-113	68-82	1-4
एबीपी	117	64	01

उत्तर गुजरात

उत्तर गुजरात में जिलों 53 की सीटों के लिए

- भाजपा को 49 प्रतिशत, कांग्रेस को और अन्य को प्रतिशत सीटें
- भाजपा को 32 से 38 , कांग्रेस को 16 से 22 व अन्य को 0 सीटें मिलने का अनुमान

टाइम्स नाऊ VNR के सर्वे के मुताबिक

टाइम्स नाऊ के सर्वे के मुताबिक गुजरात में भाजपा को 109 सीटें मिलने का अनुमान है, वहीं कांग्रेस को 70 सीटें मिल रही हैं।

इंडिया टुडे एक्सिस के अनुसार

भाजपा को 99 से 113 सीटें कांग्रेस को 68 से 64 सीटें अन्य को 104 सीटें मिलने का अनुमान

Zee Axis गुजरात के सर्वे के अनुसार

Zee Axis गुजरात के सर्वे के अनुसार भाजपा को 111, कांग्रेस को 71 और अन्य को 0 सीटें मिलने का अनुमान है।

पढ़िए एग्जिट पोल पर क्या बोले योगेंद्र

गुजरात में दूसरे चरण का चुनाव खत्म होते ही तमाम चैनलों पर एग्जिट पोल आने लगे। स्वराज इंडिया पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व में चुनाव विशेषज्ञ रहे योगेंद्र यादव ने एग्जिट पोल नतीजों पर आश्चर्य जताया और कहा कि सभी एग्जिट पोल को नकारा नहीं जा सकता। हालांकि उन्होंने सीटों को लेकर कहा कि इस बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता, लेकिन स्पष्ट है की भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनेगी। इसके लिए उन्होंने अलग-अलग एग्जिट पोल्स में भाजपा और कांग्रेस के बीच दिखाए जा रहे वोट शेयर के अंतर को भी अपने ट्वीट में बताया है। योगेंद्र यादव ने 13 दिसंबर को तीन तस्वीरें दिखायी थीं। जिनमें भाजपा और कांग्रेस के वोट शेयर की बात उन्होंने बतायी थी। उन्होंने अपने ट्वीट में बताया था कि अगर भाजपा और कांग्रेस दोनों को ही 43-43 फीसद वोट मिलते हैं तो भाजपी की झोली में 86 और कांग्रेस की झोली में 92 सीटें आएंगी। जबकि भाजपा को 41 फीसद वोट मिलने पर 65 और कांग्रेस को 44 फीसद वोट मिलने पर 113 सीटें मिल सकती हैं।

सुप्रसिद्ध सम्राट नमकीन ®
घर जैसी ही नमकीन

- सींग भुजीया
- बीकानेरी सेव
- लहसुन सेव
- रतलामी सेव
- मुंग दाल
- दालमोठ
- खट्टा-मीठा मीक्स
- गांठीया
- टमटम
- चना जोरगरम
- बुंदी - तीखी / मोली
- सेव - सादा / नायलोन
- आलुसेव
- चना दाल
- चवाना - तीखा / मोला
- आलु वेफर-सोल्टेड/मसाला
- केला वेफर- मरी/मसाला
- फरारी चेवडा-तीखा/मोला

SAMRAT NAMKEEN PRIVATE LIMITED
71-74, Phase-2, G.I.D.C., Naroda,
Ahmedabad-382 330, Gujarat, INDIA
Phone : +91 - 79 - 22823328 / 29 / 30 / 31
Fax : +91 - 79 - 22823383
email : info@samratnamkeen.com
web : www.samratnamkeen.com

मणिनगर में सिन्धी समाज द्वारा शानदार सामूहिक विवाह का शानदार आयोजन

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की याद में

स्वर्गीय दादी लीला ममतानी सुखद स्मृति को श्रद्धांजली स्वरूप 26 नवंबर 2017 रविवार को उनकी पहली बरसी पर सिंधी सामाजिक एवं सांस्कृतिक समाज ने भिन्न क्षमता वाले लोगो के अंर्तराष्ट्रीय दिवस को समर्पित एक कार्यक्रम का आयोजन किया। दादी लीला ममतानी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, लेखिका, गायिका, विषिष्ट कवि एवं महत्वपूर्ण सामाजिक कार्यकर्ता थी। इसी बीच दादी लीला ममतानी की पहली बरसी पर दृष्टिबाधित छात्रों के एक समूह सक्षम स्वरांजली द्वारा भक्त संगीत का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

छात्रों ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुति से सबका मनमोह लिया। सोसायटी के सदस्यों ने सक्षम स्वरांजली के छात्रों को भेट दी एवं सहभोज के रूप में उनके साथ भोजन साझा किया।

सिंधी सामाजिक एवं सांस्कृतिक समाज के इकट्ठा हुए लगभग 400 सदस्यों का जिसमें सक्षम, जनकपुरी के आर डब्ल्यू ए, सिंधी जनरल पंचायत, ममतानी परिवार एवं अन्य लोग थे, को संबंधित करते हुए असम के माननीय गर्वनर डॉ. जगदीष मुखी ने श्रीमती लीला ममतानी की तस्वीर पर श्रद्धांजली अर्पित की एवं उन्हें विद्वान एवं बहुमुखी प्रतिभा की धनी व्यक्तित्व के रूप में व्याख्यापित किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने सिंधी भाषा को अपने गीतों, भजनों एवं संगीत के माध्यम से जीवंत बना दिया। हम सबके लिए वो एक आदर्श है एवं उनके पद चिन्हों का अनुसरण करना चाहिए।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री षहनवाज हुसैन ने कहा कि दादी लीला ममतानी उनकी मां की तरह थी। उन्होंने उन्हें विभिन्न प्रतिभा संपन्न ममतामयी एवं लोगों के दुख–दर्द में साथ देने वाली महिला के रूप में व्याख्यापित किया। उन्होंने कहा कि वो एक सकारात्मक सोच रखने वाली महिला थी जो जरूरतमंदो की मदद को तत्पर रहती थी। उन्होंने आगे कहा कि हर उम्र के लोगो के सामंजस्य बिठा लेने की उनके भीतर अद्भुत क्षमता थी। उन्होंने यह कहते हुए अपना वक्तवय समाप्त किया कि उनके जीवन में दादी लीला ममतानी की उपस्थिति से वे धन्य अनुभव करते है।

नेताविपक्ष, दिल्ली विधान सभा श्री विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि दादी लीला ममतानी निःस्वार्थ एवं बहुमुखी प्रतिभा की धनी व्यक्तित्व वाली महिला थी। हमें गर्व है कि उनके जैसा महुमूल्य रत्न हमारे बीच रहा। सामाजिक जीवन, साहित्य, तृत्य, नाटक संगीत एवं कविता की दुनिया में अपने असीमित योगदान के लिए वे हमेषा याद रखी जाएगी।

गुजरात के माननीय गवर्नर श्री ओ पी कोहली, पूर्व मेयर, दिल्ली श्री पृथ्वी राज साहनी एवं श्री ष्याम षर्मा एवं महानगरपालिका दिल्ली के सदस्य श्री नरेंद्र चावला, श्रीमती प्रमिला घई के अतिरिक्त बड़ी संख्या में लेखकों, कवियों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं विभिन्न संगठनों के षीर्ष लोगों ने कार्यक्रम में भागीदारी कर की षोभा बढ़ाई।

संपादकीय

CBEC ने दूर किया कन्फ्यूजन, रेडी टू मूव इन प्रॉपर्टी पर नहीं लगेगा GST

निर्माणाधीन मकान और रेडी टू मूव इन फ्लैट्स पर जीएसटी देयता को लेकर जारी असमंजस के बीच केंद्रीय उत्पाद एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीईसी) ने एक स्पष्टीकरण ट्विटर के माध्यम से जारी किया है। यह स्पष्टीकरण लोगों को जागरूक करने के लिए जारी किया गया है ताकि कोई भी प्रॉपर्टी खरीदने से पहले यह जान पाएं कि उनकी प्रॉपर्टी पर जीएसटी देयता बनती भी है या फिर बिल्डर उनसे जानबूझकर अपने फायदे के लिए जीएसटी वसूल रहा है।

रेडी टू मूव इन प्रॉपर्टी पर कोई जीएसटी नहीं: केंद्रीय उत्पाद एवं सीमा शुल्क बोर्ड की ओर से जारी किए गए स्पष्टीकरण में कहा गया है कि जैसा कि आप सभी जानते हैं कि जीएसटी वस्तुओं एवं सेवाओं की आपूर्ति पर लगता है, लेकिन रेडी टू मूव इन प्रॉपर्टी में न तो किसी वस्तु की सप्लाई हो रही है और न ही किसी सेवा की ऐसे में इस पर किसी भी तरह का जीएसटी लागू नहीं होगा। इसमें कहा गया है कि सीजीएसटी एक्ट 2017 के शेड्यूल-II के पेरा 5(b) के मुताबिक रेडी टू मूव इन और पूरी तरह बन चुकी प्रॉपर्टी पर किसी भी तरह की जीएसटी देयता नहीं बनती है।

CBEC के मुताबिक अगर खरीदार ने अंडर कंस्ट्रक्शन प्रॉपर्टी के लिए पहली जुलाई से पहले ही पूरी पेमेंट कर दी है तो खरीदार को 4.5 फीसद का सर्विस टैक्स देना होगा। हालांकि अगर खरीदार ने बिल्डर को भुगतान 1 जुलाई 2017 या उसके बाद किया हो तो उस पर 12 फीसद की दर से जीएसटी लगेगा।

93 सीटें तय करेंगी, गुजरात में किस पार्टी की बनेगी सरकार

अहमदाबाद। गुजरात विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान गुरुवार की सुबह से शुरू हुआ। पहले चरण का मतदान 9 दिसम्बर को हुआ। 89 सीटों पर हुए चुनाव के बाद कांग्रेस-भाजपा ने अपनी-अपनी जीत का दावा किया है। वैसे अभी तक मतदाताओं के मूड को ठीक से परखा नहीं गया है। गुरुवार को उत्तर और मध्य गुजरात में दूसरे चरण का मतदान सम्पन्न हुआ। यही 93 सीटें तय करेंगी कि गुजरात में किस पार्टी की सरकार बनने जा रही है। 2012 के चुनाव में इन 93 सीटों में भाजपा को 53 सीटें मिली थीं। कांग्रेस को 38 से संतोष करना पड़ा। एक-एक सीट एनसीपी और निर्दलीय ने जीती थी। इस समय 93 सीटों के लिए मतदान जारी है। 10 बजे तक 9.60% मतदान होने की सूचना थी। गुजरात में दो मुख्यमंत्रियों के कार्यकाल के दौरान कई आंदोलन हुए, जिसमें पाटीदार आरक्षण आंदोलन मुख्य था। कांग्रेस ने इस आंदोलन का पूरा-पूरा लाभ उठाया। आंदोलन चलाने वाले तीनों प्रमुख नेता का कांग्रेस ने अपनी तरफ मिलाकर बाजी मार ली थी।

दलित आंदोलन चला रहे जिग्नेश मेवाणी वडगाम से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। उसने भी भाजपा के खिलाफ रणभेरी बजाई है। उसकी नेतागिरी में कितना दम है, यह उसकी हार-जीत से ही तय हो जाएगा।

वनडे में 3 डबल सेन्चुरी लगाने वाले पहले बैट्समैन बने रोहित, 7 में से 5 बार इंडियंस ने लगाए दोहरे शतक

स्पोर्ट्स डेस्क.हिटमैन के नाम से पॉपुलर इंडियन ओपनर रोहित शर्मा ने एक बार फिर वनडे में डबल सेन्चुरी लगाई। रोहित ने श्रीलंका के खिलाफ मोहाली वनडे में 208 रन की नॉटआउट इनिंग खेली। रोहित के करियर की ये तीसरी डबल सेन्चुरी है। वनडे में 3 दोहरे शतक लगाने वाले रोहित दुनिया के पहले बैट्समैन हैं।

अब तक वनडे में 7 डबल सेन्चुरी लग चुकी हैं, जिसमें से पांच इंडियन्स के नाम है।

- रोहित शर्मा ने मोहाली वनडे में 153 बॉल का सामना करते हुए 208 रन की इनिंग खेली। इस दौरान उन्होंने 13 चौके और 12 जबरदस्त सिक्स लगाए।
- रोहित ने पहला ओवर मेडन खेला था, लेकिन उसके बाद वो लय में आ गए। 44वें ओवर में तो उन्होंने एक ओवर में चार सिक्स भी लगाए थे।

ऐसे पहुंचे 208 के स्कोर तक

रन	बॉल	4	6
50	65	5	0
100	115	4	1
150	133	1	6
200	151	3	4
208	153	0	1

आगे की स्लाइड्स में देखें- वनडे में अब तक दुनिया के किन-किन बैट्समैन ने लगाई डबल सेन्चुरी...

वनडे में 3 डबल सेन्चुरी लगाने वाले पहले बैट्समैन बने रोहित, 7 में से 5 बार इंडियंस ने लगाए दोहरे शतक,वनडे में 3 डबल सेन्चुरी लगाने वाले पहले बैट्समैन बने रोहित, 7 में से 5 बार इंडियंस ने लगाए दोहरे शतक

गुजरात चुनाव में PAK की साजिश नहीं, मीटिंग में थे एक्स आर्मी चीफ: पूर्व PAK विदेश मंत्री

इस्लामाबाद/नई दिल्ली. पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री खुर्शीद कसूरी ने बुधवार को इस्लामाबाद पर लगाए गए पीएम नरेंद्र मोदी के आरोपों को नकार दिया। दरअसल, मोदी ने गुजरात में एक रैली के दौरान पाकिस्तान पर इलेक्शन्स को प्रभावित करने का आरोप लगाया था। पीएम ने कांग्रेस नेताओं और पाकिस्तानी अधिकारियों पर इस सिलसिले में एक सीक्रेट मीटिंग करने का आरोप भी लगाया था। कसूरी ने इन आरोपों पर हैरानी जताते हुए मोदी के बयानों को बेबुनियाद और झूठी कहानी करार दिया। बता दें कि इस विवाद पर मनमोहन सिंह पहले ही नरेंद्र मोदी से माफी मांगने के लिए कह चुके हैं।

आरोपों पर कसूरी का बयान

- एक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में कसूरी ने बताया कि जिस मीटिंग पर मोदी ने सवाल उठाए वो असल में एक डिनर था। वहां एक्स-पीएम मनमोहन सिंह, एक्स-वाइस प्रेसिडेंट हामिद अंसारी, एक्स-आर्मी चीफ दीपक कपूर और दोनों देशों के बड़े अधिकारी भी शामिल थे। कसूरी ने सवालिया अंदाज में पूछा कि "क्या वो सब भी पाकिस्तान की साजिश का हिस्सा थे?"
- कसूरी ने कहा कि डिनर में मौजूद लोगों के बीच भारत-पाकिस्तान के रिश्तों को लेकर बात हुई थी।
- कसूरी ने बताया कि इस विजिट में उनकी मुलाकात प्रेसिडेंट कोविंद से भी हुई थी। यहां तक की वो कई सेमिनारों में रॉ चीफ से भी मिल चुके हैं।
- उन्होंने कहा "तो क्या ये माना जाए कि मैं जिनसे मिला वो सब भी आरोपी हैं?"

रैली में मोदी ने क्या कहा था?

- नरेंद्र मोदी ने गुजरात के पालनपुर में एक रैली के दौरान कहा था कि पाकिस्तान राज्य में होने वाले इलेक्शन्स को प्रभावित करने की कोशिश में लगा है। पीएम ने दावा किया था कि 6 दिसंबर को कुछ पाकिस्तानी अधिकारियों ने मनमोहन सिंह के साथ एक सीक्रेट मीटिंग भी रखी थी।

UPA सरकार के दौरान गुजरात के प्रोजेक्ट रोके गए, हमारे पास राहुल-जयंती के ईमेल: पीयूष गोयल



नई दिल्ली.यूनियन मिनिस्टर पीयूष गोयल ने आरोप लगाया है कि यूपीए सरकार के दौरान गुजरात के प्रोजेक्ट्स को जानबूझकर लटकाया गया। गोयल ने कहा कि उनके पास राहुल गांधी और तब की एन्वायरन्मेंट मिनिस्टर जयंती नटराजन के मेल हैं। ये मेल बताते हैं कि जयंती ने राहुल के सरकार में किसी पोस्ट पर ना होने के बावजूद प्रोजेक्ट क्लीयरेंस के लिए उनकी इजाजत मांगी।

एक ही फैमिली लेती थे फैसले

- बुधवार शाम एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान गोयल ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर कई आरोप लगाए। ये आरोप यूपीए सरकार के टैन्योर से जुड़े हुए थे।
- गोयल ने यूपीए और राहुल गांधी पर गुजरात के प्रोजेक्ट्स लटकाने का आरोप लगाया।
- गोयल ने कहा- हमारे पास मौजूद ईमेल बताते हैं कि कैसे तब की एन्वायरन्मेंट मिनिस्टर जयंती नटराजन राहुल के घर जाकर राहुल के पर्सनल सेक्रेटरी से मिलना चाहती थीं। ये बताता है कि एक शख्स जो सरकार का हिस्सा नहीं था, वो यूपीए सरकार के काम में दखलंदाजी कर रहा था।
- गोयल ने मनमोहन सिंह को भी आरोपों के घेरे में लेते हुए उन्हें सिर्फ नाम का पीएम बताया। गोयल ने कहा- राहुल और जयंती के बीच हुए ईमेल एक्सचेंज बताते हैं कि कैसे सारे फैसले एक फैमिली लेती थी और मनमोहन सिंह सिर्फ नाम के पीएम थे।

गुजरात के प्रोजेक्ट क्यों लटकाए?

- यूपीए सरकार के दौरान नरेंद्र मोदी गुजरात के सीएम थे। बीजेपी का आरोप है कि इस दौरान यूपीए ने गुजरात के प्रोजेक्ट्स को जानबूझकर लटकाए रखा।
- गोयल ने कहा- यूपीए के दौरान गुजरात के प्रोजेक्ट्स को लटकाया गया। एन्वायरन्मेंट मिनिस्ट्री का इसके लिए इस्तेमाल हुआ और हमारे पास मौजूद ईमेल ये साबित करते हैं कि कैसे इन प्रोजेक्ट्स को रोके रखा गया।
- गोयल ने राहुल गांधी का नाम लेकर उन पर गंभीर आरोप लगाए। कहा- राहुल ने निरमा प्रोजेक्ट का विरोध किया। उन्होंने जयंती नटराजन से कहा कि वो इस प्रोजेक्ट को एन्वायरन्मेंट क्लीयरेंस ना दें। क्या वो गुजरात में नौकरियां खत्म कर नरेंद्र मोदी के विकास के एजेंडे को नुकसान पहुंचाना चाहते थे?

राहुल की समझ पर सवालिया निशान

- गोयल ने कहा- राहुल गांधी की समझ का आलम ये है कि उन्हें ये भी नहीं मालूम था कि अमेठी-रायबरेली में हाईवे बनाने का कोई प्रपोजल नहीं है। लेकिन, राहुल ने जयंती नटराजन से कहा कि वो इस मंजूरी दे दें। जबकि, इस तरह का कोई प्रोजेक्ट या प्रपोजल था ही नहीं।

पूरा भरोसा है कि गुजरात में कांग्रेस एकतरफा जीतेगी, नतीजे चौंकाने वाले होंगे: राहुल का दावा

अहमदाबाद.गुजरात चुनाव में दूसरे फेज की वोटिंग से ठीक एक दिन पहले कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने दावा किया कि गुजरात इलेक्शन में कांग्रेस की एकतरफा जीत होगी। उन्होंने एक न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में कहा, "गुजरात का सेंटिमेंट बदल गया है। हम पूरी तरह कॉन्फिडेंट हैं कि कांग्रेस पार्टी गुजरात का चुनाव जीतने वाली है।' इस इंटरव्यू से एक दिन पहले राहुल ने कांग्रेस प्रेसिडेंट के तौर पर अपनी पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। इसमें भी राहुल ने कहा था कि गुजरात के नतीजे चौंकाने वाले होंगे।

गुजरात को लेकर राहुल गांधी ने और क्या कहा?

1) कांग्रेस गुजरात चुनाव जीतने वाली है

- राहुल ने कहा, "इस बार गुजरात में लोगों में बीजेपी को लेकर काफी गुस्सा है। जो विजन बीजेपी को देना था, वो मोदी जी नहीं दे पाए। मुझे लगता है कि कांग्रेस पार्टी गुजरात में चुनाव जीतने वाली है। हमने गुजरात की जनता से पूछकर, हर वर्ग से पूछकर अपना मैनिफेस्टो बनाया है। हमने गुजरात की जनता को एक विजन दिया है और ये हमारा विजन नहीं है, गुजरात की जनता का विजन है।"

2) पूरी तरह एकतरफा चुनाव होगा

- "हम पूरी तरह कॉन्फिडेंट हैं कि पूरी तरह एकतरफा चुनाव होगा। ये 92 की बात नहीं है, ये पूरी तरह एकतरफा होगा। गुजरात में सेंटिमेंट अब बदल गया है।"

3) मोदीजी स्पीच में आधा वक्त कांग्रेस पर देते हैं

- कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, "कांग्रेस पार्टी एक पुरानी विचारधारा है। हिंदुस्तान में प्यार को, भाईचारे को सबको एक साथ ले जाने की विचारधारा है। इसे हिंदुस्तान से मुक्त किया ही नहीं जा सकता है। अगर कांग्रेस मुक्त हो गया है भारत को नरेंद्र मोदी जी अपने भाषण में आधा वक्त कांग्रेस पर क्यों देते हैं। मुझे लगता है कि आजकल जिस तरह से बात की जाती है, वो देश को शोभा नहीं देता है। हमारी विचारधाराएं अलग हैं, लेकिन बात तमीज से होनी चाहिए, प्यार से होनी चाहिए।"

4) PM के खिलाफ गलत शब्द बर्दाश्त नहीं

- राहुल ने कहा, "प्रधानमंत्री जी हिंदुस्तान के रिप्रेजेंटेटिव हैं, उस पद का आदर करना है। मैंने क्लियर मैसेज भेजा है। मणिशंकर जी ने जो बोला वो मेरे लिए एक्सेप्टेबल नहीं है। मैंने उनसे कह दिया कि ऐसे तरीके से कांग्रेस पार्टी में नहीं बोला जाएगा कांग्रेस में। हमारे डिफरेंसेज हैं पीएम से, वो हमारे बारे में जैसे भी बोलें, वो उनके ऊपर है.. हम नहीं बोलेंगे। मनमोहन सिंह जी ने पीएम को बहुत अच्छा जवाब दिया कि मैं हिंदुस्तान का पीएम रहा हूं। पूरी जिंदगी मैंने हिंदुस्तान के लिए दी है और एक्स प्राइममिनिस्टर के बारे में इन शब्दों का इस्तेमाल और इस तरीके से बोलना सही नहीं है।"

5) नतीजों से बीजेपी सरप्राइज हो जाएगी

- "तीन-चार महीनों से मैं गुजरात का मूड देख रहा हूं। टेम्पो बढ़ता ही जा रहा है। मैं काफी कॉन्फिडेंट हूं और बीजेपी सरप्राइज हो जाएगी।"

राहुल गांधी को EC का नोटिस: पूछा- आचार संहिता तोड़ने पर आपके खिलाफ कार्रवाई क्यों ना हो

नई दिल्ली. गुजरात में दूसरे फेज की वोटिंग से ठीक एक दिन पहले राहुल गांधी के टीवी इंटरव्यू पर विवाद खड़ा हो गया। बीजेपी ने राहुल पर इलेक्शन का कोड ऑफ कंडक्ट तोड़ने का आरोप लगाते हुए इलेक्शन कमीशन से शिकायत की। देर रात इलेक्शन कमीशन ने राहुल को नोटिस जारी कर पूछा- स्पष्ट करें कि मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट (आदर्श आचार संहिता) तोड़ने पर आपके खिलाफ कार्रवाई क्यों ना की जाए? राहुल को 18 दिसंबर की शाम पांच बजे तक जवाब देने को कहा गया है। इसके पहले बीजेपी की शिकायत पर इलेक्शन कमीशन ने कहा था, "विचार-विमर्श के बाद हमने गुजरात के चीफ इलेक्टोरल अफसर को वॉयलेशन करने वालों के खिलाफ FIR दर्ज कर एक्शन लेने के निर्देश दिए हैं।"

राहुल ने क्या कहा था?

- इंटरव्यू में राहुल ने दावा किया था कि गुजरात इलेक्शन में कांग्रेस की एकतरफा जीत होगी। उन्होंने कहा था- गुजरात का सेंटिमेंट बदल गया है। हमें भरोसा है कि कांग्रेस पार्टी गुजरात का चुनाव जीतने वाली है। इस इंटरव्यू से एक दिन पहले राहुल ने कांग्रेस प्रेसिडेंट के तौर पर अपनी पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। इसमें भी राहुल ने कहा था कि गुजरात के नतीजे चौंकाने वाले होंगे।

इंटरव्यू में और क्या-क्या कहा?

1) जनता से पूछकर मेनिफेस्टो बनाया

- राहुल ने कहा, "इस बार गुजरात में लोगों में बीजेपी को लेकर काफी गुस्सा है। जो विजन बीजेपी को देना था, वो मोदी जी नहीं दे पाए। मुझे लगता है कि कांग्रेस पार्टी गुजरात में चुनाव जीतने वाली है। हमने गुजरात की जनता और हर वर्ग से पूछकर मेनिफेस्टो बनाया। हमने एक विजन दिया है और ये हमारा नहीं गुजरात की जनता का विजन है।"

2) पूरी तरह एकतरफा चुनाव होगा

- "हम पूरी तरह कॉन्फिडेंट हैं कि ये एकतरफा चुनाव होगा। ये 92 की बात नहीं है, ये पूरी तरह एकतरफा होगा। गुजरात में सेंटिमेंट अब बदल गया है।'

3) मोदी जी स्पीच में आधा वक्त कांग्रेस को देते हैं

- "कांग्रेस पार्टी एक पुरानी विचारधारा है। हिंदुस्तान में प्यार को, भाईचारे को सबको एक साथ ले जाने की विचारधारा है। इसे हिंदुस्तान से मुक्त किया ही नहीं जा सकता है। अगर कांग्रेस मुक्त भारत हो गया है तो मोदी जी अपने भाषण में आधा वक्त कांग्रेस को क्यों देते हैं। मुझे लगता है कि आजकल जिस तरह से बात की जाती है, वो देश को शोभा नहीं देता है। हमारी विचारधाराएं अलग हैं, लेकिन बात तमीज से होनी चाहिए, प्यार से होनी चाहिए।

4) PM के खिलाफ गलत शब्द बर्दाश्त नहीं

- "प्रधानमंत्री जी हिंदुस्तान के रिप्रेजेंटेटिव हैं, उस पद का आदर करना है। मैंने क्लियर मैसेज भेजा है। मणिशंकर जी ने जो बोला वो मेरे लिए एक्सेप्टेबल नहीं है। मैंने उनसे कह दिया कि इस तरीके से कांग्रेस में नहीं बोला जा सकता। हमारे डिफरेंसेज हैं पीएम से, वो हमारे बारे में जैसे भी बोलें, वो उनके ऊपर है.. हम नहीं बोलेंगे।

मनमोहन सिंह जी ने पीएम को बहुत अच्छा जवाब दिया कि मैं हिंदुस्तान का पीएम रहा हूं। पूरी जिंदगी मैंने हिंदुस्तान के लिए दी है और एक्स प्राइममिनिस्टर के बारे में इन शब्दों का इस्तेमाल और इस तरीके से बोलना सही नहीं है।'

5) नतीजों से बीजेपी सरप्राइज हो जाएगी

- "तीन-चार महीनों से मैं गुजरात का मूड देख रहा हूं। टेम्पो बढ़ता ही जा रहा है। मैं काफी कॉन्फिडेंट हूं और बीजेपी सरप्राइज हो जाएगी।

पहले फेज में कांग्रेस को हार का अहसास, अब EVM पर फोड़ रही ठीकरा: गुजरात में मोदी

अहमदाबाद. गुजरात में दूसरे फेज के चुनाव से पहले सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाटण में रैली की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जानती है कि वह विधानसभा के पहले फेज में हारेगी, इसलिए अब हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ रहे हैं। दूसरे राउंड के बारे में तो सोच भी नहीं रहे हैं। मोदी नडियाद और अहमदाबाद के साबरमती रिवर फ्रंट पर जनसभाएं करेंगे। वहीं, सिक्युरिटी कारणों के चलते मंगलवार को होने वाले मोदी और राहुल का रोड शो कैंसल कर दिए गए। बता दें कि 14 दिसंबर को गुजरात में दूसरे फेज का चुनाव है। नतीजे 18 दिसंबर को आएंगे।

-पाटण की रैली में नरेंद्र मोदी ने कहा, ''कांग्रेस जानती है कि वह विधानसभा के पहले फेज में हारेगी, इसलिए ईवीएम पर हार का ठीकरा फोड़ रहे हैं। दूसरे राउंड के बारे में तो सोच भी नहीं रहे हैं।''

- ''बीजेपी गुजरात की गरीब जनता के साथ है। जो लोग सोने का चम्मच लेकर पैदा हुए हैं। वह किसान और गरीब की क्या बात करेंगे। किसान मेहनत से आलू उगाते हैं। उन्हें तो खेती की जानकारी ही नहीं हैं।''

- ''पाटण में जब बाढ़ आई तो कांग्रेस नेता रिसॉर्ट में आराम कर रहे थे।''

बीजेपी-कांग्रेस ने रोड शो की रिक्वेस्ट की थी

- अहमदाबाद के पुलिस कमिश्नर अनूप कुमार सिंह ने बताया, "बीजेपी-कांग्रेस ने मंगलवार को पीएम मोदी और राहुल गांधी के रोड शो करने की इजाजत मांगी है। लेकिन सिक्युरिटी, लॉ एंड ऑर्डर और लोगों को होने वाली असुविधा देखते हुए रोड शो कैंसल कर दिए गए हैं।''

मोदी का कांग्रेस पर निशाना

- रविवार को पालनपुर की रैली में मोदी ने मणिशंकर अय्यर पर तीसरी बार निशाना साधा। उन्होंने कहा, "गुजरात का अपमान करने वाले मणिशंकर अय्यर ने पाक के हाईकमिश्नर से सीक्रेट मुलाकात की थी। इसकी क्या वजह थी? पाकिस्तान में पूर्व में मिलिट्री-इंटेलिजेंस में ऊंचे पदों पर रहने वाले आखिर क्यों ये लिखते हैं कि हमें अहमद पटेल को सीएम बनवाने में मदद करनी चाहिए।''

- वडोदरा में नरेंद्र मोदी ने आरोप लगाया कि सेना ने मुंबई पर हुए 26/11 के आतंकी हमले के बाद सीमापार सर्जिकल स्ट्राइक की परमिशन मांगी थी। लेकिन तब कांग्रेस सरकार ने इसकी इजाजत नहीं दी। उन्होंने कहा कि सेना के एक बड़े अफसर ने कहा है कि जब मुंबई में हमला हुआ था तो ताज होटल पर हमले के बाद तब पीएम मनमोहन सिंह से यह इजाजत मांगी गई थी, पर उन्होंने 'देखता हूं, बताता हूं' वाला रवैया अपनाया। मनमोहन सर्जिकल स्ट्राइक की इजाजत देने की हिम्मत नहीं जुटा पाए।

- बीते हफ्ते कांग्रेस नेता मणिशंकर ने कहा था, "मोदी नीच किस्म का आदमी है।'' इसके बाद मोदी समेत पूरी बीजेपी आक्रामक हो गई थी। राहुल ने मणिशंकर से माफी मांगने को कहा। बाद में अय्यर को पार्टी से सस्पेंड भी कर दिया गया।

राहुल ने कहा- मोदीजी के लिए मीठे शब्द बोलो

- रविवार को ही राहुल गांधी ने गुजरात के डाकोर में कहा, "मोदीजी प्रधानमंत्री हैं, उनके खिलाफ गलत शब्दों का प्रयोग मत करिए। आप लोग कांग्रेसी हैं, प्यार से बात करिए। मीठे शब्द प्रयोग करो और उनको भगाओ।''

परिचय सम्मलेन समिति, उदयपुर समस्त सिन्धी समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए 12वा परिचय सम्मलेन

परिचय सम्मलेन समिति, उदयपुर द्वारा आयोजित समस्त सिन्धी समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए योग्य जीवन साथी के चयन हेतु अवं उनकी समस्योओं के निराकरण बाबत अनेक अभिभावकों का 12वा परिचय सम्मलेन रविवार, दिनांक 24 दिसम्बर, 2017 को सुबह 10 बजे से सायं ५ बजे तक – स्थान "संत कंवरराम भवन" जय श्री राम अपार्टमेंट के पास, इ-ब्लाक, सेक्टर नंबर : १४, उदयपुर, राजस्थान. अधिक जानकारी आप वेबसाइट पर पढ़ सकते हैं.

http://www.sindhibandhu.com/sindhi-matrimonial-meet-2017/



मालिक - मुद्रक -प्रकाशक-संपादक : हरिश भागवाणी ने लता ग्राफिक्स-२०, सर्जन बंग्लोझ, पार्श्वनाथ टाउनशीप, केनाल के पास, कृष्णनगर, अहमदाबाद से प्रिन्टींग कर के २०, सर्जन बंग्लोझ, पार्श्वनाथ टाउनशीप, केनाल के पास, कृष्णनगर, अहमदाबाद-३८२३४६ से प्रकाशित किया